दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 08 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 219

# मुरादाबाद में दर्दनाक हादसा, डीसीएम और टाटा मैजिक के बीच टक्कर में एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत



**मुरादाबाद (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के भगतपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक भीषण सडक़ हादसा हो गया है। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक दर्जन से ज्यादा घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मरने वाले सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घायल और मरने वाले अधिकतर लोग भोजपुर थाने के कोहरबाकू गांव के रहने वाले हैं।

कोहरबाकू गांव के रहने वाले शब्बीर अहमद के बहनोई अंसारी हुसैन रामपुर की स्वार तहसील के खेमपुर गांव में रहते हैं। रविवार को उनकी भांजी की शादी थी। शब्बीर अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ वाहन से भात देने के लिए खेमपुर जा रहे थे। दलपतपुर-काशीपुर रोड पर दोपहर करीब डेढ़ बजे सामने से डीसीएम ने टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। टाटा मैजिक खाई में जा गिरी। मौके पर पहुंचे लोग और सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निकाला। आठ की बालिका बुशरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रबिया, आरिफा, हनीफा ने अस्पताल में दम तोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि टाटा मैजिक से लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को निजी अस्पताल रेफर किया गया है। टाटा मैजिक में महिला और पुरुष समेत कुल 26 लोग सवार थे। जिला प्रशासन घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था कर रहा है।

## सड़क हादसा : बारातियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

**उरई/माधौगढ़ ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के जालौन से एक भीषण सडक़ हादसे की खबर आई है। खबर के मुताबिकए 40 बारातियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अब तक 5 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि 15 जख्मी हुए हैं। जिनमें से कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक घटना माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रात के करीब 2 बजे हुआ। बस के दोनों दरवाजे लॉक हो जाने के कारण गैस कटर की मदद से बस की छत को काटा गया और फिर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। बारातियों से भरी बस ग्राम मढ़ेरा से रामपुरा शादी समारोह मे गयी हुयी थी। शादी समारोह से निपटने के उपरांत कुछ बाराती बस मे बैठकर बापस घर लौट रहे थे, तभी गोपालपुरा क पास बस को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे लगी



झाडिय़ों मे पलट गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गयें मध्य रात्रि मे हुये इस हादसे की चीख पुकार सुनकर वहां आसपास गांव के लोग जाग गये। जब लोगों ने घटना स्थल पर जाकर देखा तो वह हैरान रह गये। आनन-फानन मे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद बस की छत को काटकर बस यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौगढ़ पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित बताते हुये घायलों को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलवामा में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, 5 किलो आईईडी जब्त, एक आतंकवादी भी गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के बीच सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने यहां 5-6 किलोग्राम आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस ने इसके साथ एक आतंकी को भी गिरफ्तार किया। इशफाक अहमद वानी नाम का आतंकी पुलवामा के अरिगम का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच शुरू की है। कश्मीर जोन पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आईईडी की बरामदगी राजौरी के कंडी वन क्षेत्र में एक आतंकी हमले में पांच सैनिकों के शहीद होने के दो दिन बाद की गई थी। सुरक्षा बलों ने शनिवार सुबह छिपे हुए आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया और आगामी गोलाबारी में एक अल्ट्रा को मार गिराया गया। सेना के मुताबिक, मुठभेड़ में एक और आतंकी के घायल होने की आशंका है। सेना राजौरी से बारामुला तक आतंकियों की तलाश में है। सेना ने इस दरमियान 4-5 आतंकियों को ढेर किया है।

### इत्र कारोबारी के साथ व्यापार में शामिल ट्रांसपोर्टर व पान मसाला सप्लायर समेत कई और पर कसेगा शिकंजा

**कानपुर (आरएनएस )।** इत्र कारोबारी पीयूष जैन के साथ व्यापार में शामिल ट्रांसपोर्टर व पान मसाला सप्लायर समेत कई और लोगों की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। डीजीजीआई की ओर से पीयूष की तीन फर्मों समेत छह फर्म व उसके आठ निदेशक व साझेदारों को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही इनके खिलाफ भी चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जा सकती है। पीयूष की तीनों फर्मों पर लगभग 497 करोड़ रुपये जीएसटी की देनदारी निकाली गई है। इस बात का खुलासा डीजीजीआई के विशेष लोक अभियोजक अम्बरीष टंडन ने किया। अम्बरीष ने बताया कि मेसर्स ओडोचैम इंडस्ट्रीज, मेसर्स फ्लोरा नेचुरले, मेसर्स ओडोसेंथ आईएनसी व उसके साझेदार पीयूष कुमार जैन, अम्बरीष कुमार जैन, महेश चंद्र जैन, मेसर्स त्रिमूर्ति फ्रेग्रेंस प्रा.लि. व उसके निदेशक दीपक अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, गांव में पसरा मातम

**कानपुर (आरएनएस )।** कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र में तालाब में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना का पता चलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तालाब से निकलवाकर सीएचसी, घाटमपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के घुरऊपुर गांव निवासी सोनू (17) पुत्र उजियारीलाल और दीपक (16) पुत्र लालता प्रसाद अपने कुछ दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए थे। रविवार सुबह 11 बजे सारे दोस्त लौट आए, लेकिन दोनों नहाते रहे। कुछ देर बाद अचानक दीपक डूबने लगा। इस पर सोनू उसको बचाने गया, लेकिन असफल रहा। दोनों ने शोर मचाया, लेकिन जब तक कोई आता दोनों की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी लेकर आई,जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### बाबा महाकाल मंदिर में बदली दर्शन की व्यवस्था

**उज्जैन (आरएनएस)।** ज्योर्तिलिंग महाकाल मंदिर में गत दिवस दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। भक्तों को नई टनल केरास्ते मंदिर में पवेश दिया गया। यह व्यवस्था परिसर में टनल के अगले हिस्से का काम पूरा होने तक जारी रहेगी। मंदिर समिति द्वारा परिसर में भूमिगत मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। नई टनल को कार्तिकेय मंडपम के नीचे गणेश मंडपम से जोड़ा जा रहा है। मंदिर प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि अब तक भक्तों को कार्तिकेय मंडपम के रास्ते मेंदिर में प्रवेश दिया जा रहा था। इससे पव विशेष पर भीड़ अधिक होने पर परेशानी होती थी। नई भूमिगत टनल निर्माण से एक और विकल्प तैयार हो गया है। अब भक्तों को कार्तिकेय व गणेश मंडपम में अलग-अलग लाइन में दर्शन कराए जा सकते हैं। इन दोनों क लिए निर्गम द्वार भी अलग होंगे। महानिर्वाणी अखाड़ा भवन के समीप वर्तमान निर्गम द्वार से कार्तिकेय मंडपम जाने वाले भक्त बाहर निकल सकते हैं।

## ग्रेटर नोएडा में दिल दहला देने वाली वारदात, जेल से छूटकर आए बेटे की सोते समय पिता ने की गोली मारकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने ताबड़तोड़ 4 गोलियां मारकर अपने ही बेटे की हत्या कर दी। बेटा कुछ दिनों पहले ही जेल से छूटकर आया था। आरोपी पिता का साथ उसके भाई ने भी दिया। मृतक कुछ दिनों पूर्व ही हत्या के एक मामले में जेल से छूट कर आया था। बेटे पर हत्या का आरोप लगने के बाद से पिता नाराज चल रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक परिवार के लोगों ने पुलिस को तीन अज्ञात लोगों द्वारा घर में घुसकर गोली मारने की जानकारी दी गई थी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला कि घटना को मृतक के पिता और उसके भाई ने ही अंजाम दिया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपी ने मृतक को चार गोलियां मारी।




पुलिस ने बताया है कि थाना बादलपुर में मृतक के मामा ने सूचना दी कि 7 मई को उनका भांजा घर पर आंगन में सो रहा था। सुबह 5 बजे सोते समय मेरे भांजे को 3 अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि घटना को मृतक के पिता व भाई ने ही अंजाम दिया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गयी है।

## एनसीबी ने पकड़ी दो करोड़ की अफीम, रिमांड में उगला सच

**इंदौर (आरएनएस)।** एनसीबी ने कार्रवाई कर 2.4 करोड़ की अफीम पकड़ी है। घटना 28 अप्रैल 2023 की है। पकड़ी गई अपब तक की सबसे ज्यादा कीमत की अफीम की खेप है। ट्रक में ड्रायवर सीट के पीछे 110 पैकेट में 80 किलो 250 ग्राम अफीम की तस्करी करते हुए चालक को पकड़ा है। इसकी कीमत दो करोड़ 40 लाख रुपए है। एनसीबी की मुखबिर से इनपुट मिला था कि ट्रक क्रमांक जीजे 02 ज़ेड 5655 का ट्रक ड्रायवर अवैध रूप से ट्रक में अफीम छुपाकर मणिपुर से गुजरात ले जा रहा है। इसके बाद तुरंत एनसीबी अधिकारियों ने टीम तैयार की और ट्रक ड्रायवर को पकडऩे में जुट गए। इंदौर से गुजरात जाने वाले अलग-अलग रूट पर एनसीबी की टीम रेकी करने लगी, हथियारों से लैस पार्टियों को तैनात कर दिया था। लेकिन सुबह से शाम हो गठ थी मगर ट्रक का कोई अता-पता नहीं था। एनसीबी के पास से इनपुट भी था कि ट्रक ड्रायवर बेटमा बाईपास पर रामदेव ढाबे पर रुकता है। ड्रायवर रात के करीब तीन-चार बजे तक रुका रहा। सुबह करीब चार बजे ट्रक ड्रायवर ट्रक लेकर ढाबे से रवाना हुआ। तो थोड़ा आगे चला ही था कि टोल के पास उसका इंतजार कर रही एनसीबी ने उसे रोक लिया एनसीबी अधिकारियों ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुजानाराम पिता ठाकरा, उम्र 40 साल, निवासी ग्राम समो की ढाणी, जिला बाड़मेर, राजस्थान बताया। ट्रक में मका थी, जिसकी बिल्टी चेक करने पर वो सही पाई गई। आरोपी सुजानाराम ट्रक चालक को गिरफ्तार कर 29 अप्रैल को पेश किया गया। कोर्ट ने चार मई तक के रिमांड पर एनसीबी को सौंप दिया। शुक्रवार पांच मई को उसे जिले जेल भेज दिया गया है। रिमांड में पूछताछ के दौरान उसने पूरी कहानी अधिकारियों को सुनाई। उसने बताया कि करीब तीन-चार महीने पहले पहली बार वो ट्रक में अफीम छुपाकर ले गया था। लेकिन तब उसे पता नहीं था कि ट्रक में अफीम की तस्करी की जा रही है। उस समय वो मणिपुर से ही ट्रक में माल लोड कर वो गुजरात के अहमदाबाद के लिए निकला था। साथ में ट्रक का मालिक भगवाना राम भी साथ था। दोनों ट्रक लेकर अहमदाबाद पहुंचे जहां उसने लोडेड माल खाली करवाया, फिर ट्रक मालिक ने उसे अहमदाबाद से लगभग 243 किलोमीटर दूर सांचौर ले जाकर ट्रक खड़ा करने के लिए कहा। वहां पहुंचने के बाद उसे सीट केनीचे अफीम छुपाकर लाने के बारे में पता चला। इतना ही नहीं इसके एवज में उसे 20 हजार रुपए भी टक्र मालिक ने दिए। ट्रक में अफीम के अलावा अन्य माल लोड करके इसलिए ले जाते थे ताकि किसी को शक नहीं हो। इस बार अवैध रूप से अफीम की वो दूसरी ट्रिप ले जा रहा था, जिसके बारे में उसे पूरी तरह से पता था। ट्रक में अकेला इसलिए था ताकि अगर वो किसी को साथ लेता है तो हो सकता है बात लीक हो जाए, लिहाजा वो रिस्क नहीं लेना चाहता था। उसे ट्रक मालिक भगवाना राम ने 80 हजार रुपए अफीम की डिलीवरी करने के बाद देने का कहा था।

## तेजी से आ रहा साइक्लोन मोचा, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवात मोचा के इस सप्ताह पश्चिम बंगाल और ओडिशा में दस्तक देने की उम्मीद है। एक चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व में बन रही है। इसके प्रभाव से आठ मई तक उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है। चक्रवात का नाम 'मोचा' (मोखा) रखा जायेगा, जो यमन द्वारा सुझाया गया नाम है।



आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि नौ मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में कम दबाव का क्षेत्र बनने और इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। आईएमडी के वैज्ञानिकों ने कहा कि मौसम प्रणाली एक चक्रवाती तूफान में तेज हो जाएगी और मंगलवार या बुधवार तक लगभग उत्तर की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ जाएगी।

मौसम कार्यालय ने मछुआरों को बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में रविवार से 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है। मौसम कार्यालय ने कहा कि जो लोग बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में हैं, उन्हें सात मई से पहले और जो लोग बंगाल की मध्य खाड़ी में हैं, उन्हें नौ मई से पहले सुरक्षित स्थानों पर लौटने की सलाह दी जाती है।

ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने कहा कि मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पहले ही 18 तटीय और आसपास के जिलों के जिलाधिकारियों और 11 विभागों के अधिकारियों को सतर्क कर दिया है। महापात्रा ने कहा कि मौसम प्रणाली के आठ मई को कम दबाव के क्षेत्र में केंद्रित होने और नौ मई को एक चक्रवात में बदलने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि चक्रवात के बंगाल की मध्य खाड़ी की ओर बढऩे का अनुमान है। उन्होंने ने बताया कि ग्रीष्मकालीन चक्रवातों के मार्ग का अनुमान लगाना बहुत कठिन है। ओडिशा तट पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि इसके लिए या पूर्वी तट पर किसी अन्य स्थान के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि चक्रवात के बारे में जानकारी का उद्देश्य मछुआरों और नौ-परिवहन से जुड़े लोगों को सतर्क करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। महापात्रा ने कहा कि अप्रैल, मई और जून के महीने ग्रीष्मकालीन चक्रवात के लिए माने जाते है, जबकि सितंबर, अक्टूबर और नवंबर मानसून चक्रवात महीने हैं।

## शॉपिंग मॉल में अंधाधुंध फायरिंग, 9 लोगों की मौत, हमलावर ढेर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना टेक्सास की है। यहां के डलास में एक व्यस्त मॉल एलन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल के बाहर एक व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में 9 लोगों की मौत हो गई और करीब 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने संदिग्ध को मार डाला। दूसरे संदिग्ध की तलाश की जा रही है।

इसके बाद पूरा इलाका एक अराजक और दुखद दृश्य में बदल गया। एलन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में हुई इस गोलीबारी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला। एलन पुलिस विभाग ने कहा कि, मॉल में सक्रिय जांच अभियान चलाए जाने के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों की मदद से मॉल को सुरक्षित करने में मदद मिल गई है। अब कोई सक्रिय खतरा नहीं है। पुलिस ने बताया कि, गोलीबारी के बाद घायल 7 लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया के अनुसार, एलन प्रीमियम आउटलेट डलास के उत्तर में लगभग 25 मील की दूरी पर एक आउटडोर मॉल है। इससे पहले, 3 मई को भी अटलांटा में चिकित्सा केंद्र की 11वीं मंजिल पर प्रतीक्षालय में एक बंदूकधारी की गोलीबारी के बाद एक की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे।

## अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में केवल महिलाएं होंगी शामिल : रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विभिन्न सेक्टरों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने तय किया है कि कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट, झांकियां और परफॉर्मेंस में सिर्फ महिलाएं शामिल होंगी। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सैन्य बलों तथा परेड में शामिल होने वाले अन्य सरकारी विभागों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि मार्च पास्ट करने वाले दस्ते और उनके साथ जुड़े बैंड तथा झांकियों में सिर्फ महिला प्रतिभागी होंगी।

इस पत्र ने कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को आश्चर्य में डाल दिया है और भ्रम की स्थिति पैदा की है। कई लोगों का मानना है कि इसके लिए सेना में पर्याप्त महिलाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मार्च करने वाली कुछ टुकडिय़ों में केवल पुरुष होते हैं।

गौरतलब है कि सशस्त्र बलों ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को कमान की भूमिका सौंपने, भविष्य की नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करने और आर्टिलरी रेजीमेंट में शामिल करने जैसे कई उपाय किए हैं।



जानकारी के मुताबिक, परेड में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का फैसला 7 फरवरी को हुई एक बैठक के दौरान लिया गया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, गृह मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया था।

बैठक के लगभग एक महीने बाद, रक्षा मंत्रालय ने 1 मार्च को भाग लेने वाले बलों, मंत्रालयों और विभागों को औपचारिक रूप से एक पत्र जारी किया।

पत्र में अगले साल होने वाली परेड में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया।

पत्र में कहा गया है कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि कर्तव्य पथ पर परेड में शामिल होने वाली टुकडिय़ों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी होंगी।

सभी भाग लेने वाले मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को भी इसके लिए तैयारियां शुरू करने और इस दिशा में प्रगति के बारे में समय-समय पर रक्षा मंत्रालय को बताने के लिए कहा गया है।

कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि सरकार वही करेगी जो व्यावहारिक है, और फिलहाल सभी मार्चिंग और बैंड दस्तों में केवल महिला प्रतिभागियों का होना मुश्किल है।

गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस परेड में पैदल सेना के मार्चिंग दस्ते में जवानों की संख्या सबसे अधिक होती है। अधिकारियों का तर्क है कि अभी तक पैदल सेना में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उनका कहना है कि मार्चिंग टुकडिय़ों का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों में अधिकारी रैंक से नीचे के कर्मी (पीबीओआर) होते हैं और सेना में पीबीओआर की महिला कर्मी केवल सैन्य पुलिस कोर में होती हैं।

ऐसा नहीं है कि महिलाओं का बल में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है या वे हाशिए पर हैं। उन्हें तीनों सेवाओं में पुरुषों के बराबर भूमिकाएँ सौंपी जा रही हैं – वे लड़ाकू विमान उड़ाती हैं, युद्धपोतों पर काम करती हैं, उन्हें पीबीओआर कैडर में शामिल किया जाता है, स्थायी कमीशन के लिए पात्र हैं, उन्हें कमांड भूमिकाएँ सौंपी जाती हैं, और साथ ही महिला अधिकारी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इसके बावजूद इन्फैंट्री, टैंक और कॉम्बैट पोजिशन में अभी भी महिलाओं की उतनी भागीदारी नहीं है।

भारतीय सेना के अनुसार, कर्नल गीता राणा हाल ही में चीन की सीमा से लगे संवेदनशील लद्दाख क्षेत्र में एक स्वतंत्र इकाई की कमान संभालने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बनी हैं। इसके अलावा सेना ने पहली बार किसी महिला अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान को इसी साल दुनिया के सबसे ऊंचे और ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात किया है। सेना ने सूडान में अबेई के विवादित क्षेत्र में 27 महिला शांति सैनिकों की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी भी तैनात की है।